# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–06 अगस्त 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन–तीन का उद्घाटन किया। उन्होंने नए भवन का निरीक्षण किया और उसकी विशेषताओं के बारे में जानकारी ली। यह भवन सेंट्रल विस्टा परियोजना का हिस्सा है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**कर्तव्य भवन तीन लगभग डेढ़ लाख वर्ग मीटर का एक अत्याधुनिक कार्यालय परिसर है, जिसमें गृह, विदेश, ग्रामीण विकास, एमएसएमई, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस जैसे प्रमुख मंत्रालयों कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग और प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय होंगे। यह नया भवन आधुनिक प्रशासनिक ढांचे का प्रतीक है। रूफटॉप सोलर, सोलर वॉटर हीटिंग, वेंटिलेशन और वातानुकूलित व्यवस्था और वर्षा जल संचयन के साथ यह साहित्य में भी अग्रणी होगा। कर्तव्य भवन की छत पर लगे सोलर पैनल हर साल 5 लाख से अधिक यूनिट बिजली पैदा करेंगे। यह भवन पर्यावरण जागरूकता को भी बढ़ावा देगी। रहीसुद्दीन के साथ अनुपम मिश्र आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

कर्तव्य भवन के उद्घाटन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि यह भवन कर्तव्यनिष्ठ शासन की नूतन दृष्टि और प्रशासनिक दक्षता के नए संकल्पों का सजीव प्रतीक है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नाथ नगरी बरेली में दो हजार दो सौ चौंसठ करोड़ के लागत की 545 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सबका साथ सबका विकास के मंत्र को आत्मसात कर विरासत को विकास के साथ जोड़ कर काम कर रही है।

**यह नया भारत है। नया भारत योजनाओं में भेदभाव नहीं करता है। नया भारत उत्तर से दक्षिण तक पूर्व से पश्चिम तक पूरे भारत को जोड़ने में विश्वास रखता है। समाज के समग्र विकास को आगे बढ़ाता है दलितों के लिए वंचितों के लिए पिछड़ों के लिए समाज में जो लोग अभी तक छूट चुके हैं। उनको आगे बढ़ाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती है और इसी का परिणाम है कि अपने यहां देखा होगा कि रोजगार मेला भी लगा है रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र भी वितरित हुए हैं।**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व टैबलेट प्रदान किए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद के मंडल मुख्यालय पर उन्यासी करोड़ से निर्मित अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया। साथ ही मुरादाबाद स्थित चौबीसवीं पीएसी वाहिनी में एक हजार एक सौ बहत्तर करोड़ की 87 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

**********

प्रदेश की विभिन्न नदियों में बढ़ते जलस्तर की वजह से कई जिलों में बाढ़ की स्थिति बन गई है। प्रशासन की ओर से प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। अयोध्या में आज सरयू नदी के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। जिससे वहां बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। वहां प्रशासन अलर्ट मोड में है। वाराणसी में आज गंगा और वरुणा नदियों के बढ़े जलस्तर के कारण नदियों में तैराकी पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जर्जर मकानों में रह रहे लोगों से अपील की गई है कि वे तत्काल मकान खाली कर बाढ़ राहत केंद्रों में शरण लें। उधर, बलिया में आज गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि से शहरी इलाकों में रहने वाले लोगों की भी परेशानी बढ़ गई हैं। शहर के उमरगंज में गंगा से जुड़े कटहल नाला में बैक फ्लो होने से पचास से अधिक घरों में सैकड़ों लोग फंस गए। जिन्हें प्रशासन ने एनडीआरएफ की मदद से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

**********

संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी ने शैक्षणिक और व्यावसायिक संस्थानों के लिए अपने क्षेत्र से संबंधित यूपीएससी भर्ती विज्ञापनों के बारे में सीधे ईमेल अलर्ट प्राप्त करने की एक नई सुविधा शुरू की है। नई आउटरीच नीति के तहत, ईमेल अलर्ट सेवा की सदस्यता लेने के इच्छुक संस्थान वेबसाइट आरए डैश यूपीएससी एट दी रेट जीओवी डॉट इन पर सदस्यता अनुरोध – यूपीएससी भर्ती अलर्ट विषय पंक्ति के साथ अनुरोध भेज सकते हैं।

**********

प्रदेश की महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की मंत्री बेबी रानी मौर्य ने आज अयोध्या में प्रभु श्री राम लला का दर्शन पूजन किया। इसके बाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इस समय बच्चों को सुपोषित बनाने का एक पखवाड़ा चल रहा है। इस अभियान में जन भागीदारी आवश्यक है। सरकार का प्रयास है कि कुपोषित बच्चे सुपोषित हों और स्वस्थ बनें। इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

**********

प्रदेश में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत विविध गतिविधियों के आयोजन जारी है। इसी कड़ी में आज जौनपुर में परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।

**********